# पॉलीटेक्निक सेमेस्टर परीक्षा में 62.46% छात्र उत्तीर्ण

लखनऊ। प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सोमवार को सम सेमेस्टर, वार्षिक और विशेष बैक पेपर परीक्षा जून का परिणाम जारी कर दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव व अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद नरेंद्र भूषण ने परिणाम घोषित किया। परिषद की परीक्षा समिति ने टॉप 10 स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मेडल व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। परीक्षा का आयोजन 14 मई से 21 जून के बीच किया गया था।

इसमें कुल 2,41,856 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,26,279 सेमेस्टर प्रणाली, 1,15,576 वार्षिक प्रणाली व 20,371 विशेष बैक पेपर परीक्षा के छात्र शामिल थे। सम सेमेस्टर परीक्षा में 62.46 फीसदी और वार्षिक परीक्षा में 52.63 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षाफल परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध है। इंजीनियरिंग स्ट्रीम की सेमेस्टर परीक्षा में जौनपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक के

## टॉप 10 स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

आदेश उपाध्याय ने 87.65 फीसदी अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया। मऊ की राजकीय पॉलिटेक्निक के आशुतोष श्रीवास्तव 86.91 फीसदी अंकों के साथ दूसरे, चंदौली के पीटी रामाधार जे तिवारी कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के अनुराग पांडेय 85.62 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे हैं।

वहीं परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग के आरोप में 220 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं। मोबाइल नंबर अंकित करने वाले 2,533 उत्तर पुस्तिकाओं को संबंधित विषय में शून्य अंक देने का निर्णय लिया गया है। समिति की बैठक में प्राविधिक शिक्षा निदेशक अजीज अहमद, निदेशक शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर के एफआर खान आदि मौजूद थे। ब्यूरो



आशुतोष श्रीवास्तव

E22442535500048

CSE Final Year, Student

Rank 01 in BTEUP

(Computer Science & Engg. Branch)

Rank 02 in BTEUP

(All Branch Category)

राजकीय पॉलीटेक्निक, मऊ

# BTEUP Examination June -2025 Top 10 Students List

## Top 10 Students in Final Semester (June 2025) Examination Engg

| S# | Students Name | Branch Code & Name | Institute Code & Name | Pass % | Place in Merit |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AADESH UPADHYAY / SHAKTI PRAKASH UPADHYAY | (730) ELECTRONICS ENGINEERING | (4412) GOVT. POLYTECHNIC, JAUNPUR | 87.65 | 1 |
| 2 | ASHUTOSH SRIVASTAV / RAJEEV KUMAR SRIVASTAV | (755) COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING | (4425) GOVT. POLYTECHNIC, MAU | 86.91 | 2 |
| 3 | ANURAG PANDEY / SHASHI BINDU PANDEY | (755) COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING | (4459) PT. RAMADHAR J TIWARI COLLEGE OF POLYTECHNIC, MAHUAR KALA,NEAR BALUA GHAT, CHANDAULI | 85.62 | 3 |
| 4 | SHASHI SHARMA / ANIL SHARMA | (731) ELECTRONICS ENGINEERING (MODERN CONSUMER ELECTRONICS) | (1123) SRI ANARDEVI KHANDELWAL MAHILA POLYTECHNIC, MATHURA | 85.42 | 4 |
| 5 | RIYA CHAUHAN / VIJAY CHAUHAN | (730) ELECTRONICS ENGINEERING | (4401) GOVT. GIRLS POLYTECHNIC, VARANASI | 84.98 | 5 |
| 6 | ADITYA TIWARI / DEVDATT TIWARI | (728) ELECTRICAL ENGINEERING | (4815) GOVT. POLYTECHNIC BINDKI FATEHPUR | 84.53 | 6 |
| 7 | DEEKSHA PUNDIR / JITENDRA PRATAP SINGH | (755) COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING | (1621) SURESHDEEP POLYTECHNIC, GHAZIABAD | 84.36 | 7 |
| 8 | YASH KUMAR YADAV / MAHESH CHAND YADAV | (728) ELECTRICAL ENGINEERING | (1106) GOVT. POLYTECHNIC, MORADABAD | 84.26 | 8 |
| 9 | AKASH MISHRA / AMAR NATH MISHRA | (755) COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING | (2230) GOVERNMENT POLYTECHNIC, AADAMPUR, TARABGANJ, GONDA | 83.93 | 9 |
| 10 | UJJWAL SRIVASTAVA / VIVEK SRIVASTAVA | (728) ELECTRICAL ENGINEERING | (4403) GOVT. POLYTECHNIC, BASTI | 83.91 | 10 |



ASHUTOSH SRIVASTAV

E22442535500048

CSE Final Year, Student

Rank 02 in BTEUP

(All Branch Category)

राजकीय पॉलीटेक्निक, मऊ